पु॰ना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| SUMMATIVE ASSIGNMENT -2 2020-21 | |
|---|---|
| Grade – 4 | विषय हिंदी - |
| Syllabus – CH-8,9,10,11,12,13,14 | FROM TEXTBOOK |

**General Instructions**

- **The paper is divided into four sections**
- **All questions are compulsory.**

**सामान्य निर्देश -**
**इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं क -, ख, ग, घ**
**सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं**

**[ READING SECTION] पठन**

प्र-१- निम्नलिखित अपठित गदयांशों को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

अ- एक राजा के दो पुत्र थे। बड़े पुत्र का नाम अजय और छोटे पुत्र का नाम विजय था। अजय आज्ञाकारी और सुशील था जबकि विजय झगड़ालु और गुस्सैल था। अजय को राज्य की सारी प्रजा पसंद करती थी जबकि विजय को नापसंद करते थे। बड़ा होकर अजय राजा बना और विजय अपनी बुराइयों के कारण अपमान सहता रहा।

**प्र-अ-राजा के कितने पुत्र थे?**
उ- दो पुत्र
**प्र-ब-दोनों पुत्रों के क्या नाम थे?**
उ- बड़े पुत्र का नाम अजय और छोटे पुत्र का नाम विजय था।
**प्र-क-विजय कैसा लड़का था?**
उ- विजय झगड़ालु और गुस्सैल था।
**प्र-ख-अजय को प्रजा क्यों पसंद करती थी?**
उ -आज्ञाकारी और सुशील था ।
**प्र-ग-अजय और विजय में से कौन राजा बना क्यों?**
उ- अजय राजा बना ।

ब-गोपाल एक गरीब बच्चा था। स्कूल के बाद वह आइस्क्रीम बेचता था। जो पैसे मिलते थे वह अपनी माँ को लाकर देता था। उसकी माँ उसे ईमानदारनि से जीवन जीना सिखाती थी। गोपाल अपनी माँ की बातें ब्हुत ध्यान से सुनतान था। उसे अपनी मेहनत और अपनी माँ की बातों पर विश्वास था। वह चाहता था कि वह पढ़ लिखकर बड़ा आदमी बने। माँ उसकी बात सुनके बहुत खुश होती थी। गोपाल कभी कभी लकड़ी को इस प्रकार से अपने कंधे पर रखलेता जैसे बंदूक उठाकर चल रहो,और देश प्रेम के गीत गाता था।

**प्र-अ-गोपाल स्कूल के बाद क्या करता था?**
उ आइस्क्रीम बेचता था ।
**प्र-ब-गोपाल की माँ उसे क्या सिखाती थी?**

उ ईमानदारनि से जीवन जीना सिखाती थी ।

**प्र-क-गोपाल बड़ा होकर क्या बनना चाहता था?**

उ- बड़ा आदमी ।

**प्र-ख-कभी कभी गोपाल क्या करता था?**

उ- गोपाल कभी कभी लकड़ी को इस प्रकार से अपने कंधे पर रखलेता जैसे बंदूक उठाकर चल रहो,और देश प्रेम के गीत गाता था।

**प्र-ग-इस गदयांश का कोई शीर्षक लिखिए।**

उ- ईमानदारनि से जीवन जीना ।

क-टेलिविजन दूर दूर के दृश्यों को हमें दिखाता है, इसलिए इसका नाम 'दूरदर्शन' पड़ा। टेलिविज़न मनोरंजन का खजाना है। इस पर तरह तरह के कार्यक्रम दिखाए जाते हैं।क्रिकेट,फुटबॉल और नए नए खेल चाहे कही भी हो रहे हो ,उन्हें हम
घर बैठे देख सकते हैं। नृत्य,नाटक,धारावाहिक फ़िल्में आदि अनेक कार्यक्रम टेलिविज़न पर दिखाया जाता है। टेलिविजन
पर अनेक विषयों की चर्चा भी होतौ है,जिसे हम देख सकते हैं ,और अपनी राय भी दे सकते है। टेलिविज़न के बहुत से कार्यक्रमों से हमें नई नई जानकारियाँ भी मिलती हैं। जैसे हस्त कला, लोकनृत्य,खाना खजाना भाषा,पहनावा आदि।

**प्र-अ-टेलिविज़न का दूसरा नाम क्या है?**

उ-'दूरदर्शन

**प्र-ब टेलिविज़न किसका खजाना है?**

उ- मनोरंजन का खजाना

**प्र-क-टेलिविज़न पर हम क्या क्या देख सकते हैं?**

उ- नृत्य,नाटक,धारावाहिक फ़िल्में क्रिकेट,फुटबॉल और नए नए खेल चाहे कही भी हो रहे हो,आदि अनेक कार्यक्रम टेलिविज़न पर दिखाया जाता है

**प्र-ख-टेलिविज़न पर हम कौन कौन से खेल देखते हैं?**

उ- क्रिकेट,फुटबॉल और नए नए खेल चाहे कही भी हो रहे हो

**प्र-ग-टेलिविज़न से हमें कौन कौन सी जानकारियाँ मिलती है?**

उ -हस्त कला, लोकनृत्य,खाना खजानाभाषा,पहनावा

**प्र-2- निम्नलिखित अपठित पदयांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

अ-रिमझिम रिमझिम सी बूँदें,जग के आँगन में आई।
अपने लघु उज्ज्वल तन में,कितनी सुन्दरता लाई।
मेघों ने गरज गरज कर,मादक संगीत सुनाया।
इस हरी भरी संध्या ने,हमको है मस्त बनाय।
सूखी सरिता ने फिर, संदुर नव जीवन पाया।

लघु लहर लहर पर देखों सौंदर्य नाचने है आया।

**अ-कवि यहाँ किसके आने की बात कह रहा?**

उ- बूंदे

**प्र-ब-मेघों के गरजने पर क्या हुआ?**

उ- बूंदें, जग के आँगन में आई।

**प्र-क-कौन हमको मस्त बनाता है?**

उ- हरी भरी संध्या

**प्र-ख-किसको नव जीवन मिला?**

उ- सूखी सरिता

**प्र-ग-लहर लहर कौन नाच रहा है?**

उ- सौंदर्य

ब-देखों लड़कों बंदर आया, एक मदारी उसको लाया।
उसका है कुछ ढंग बिराला, कानों में पहने है बाला।
फटे पुराने रंग बिरंगे, कपड़े हैं उसके बेढंगे।
मुँह डरावना आँखें छोटी, लंबी दुम है थोड़ी मोटी।
दाँतो को है कभी दिखाता, कूद फाँद है कभी मचाता।

**प्र-अ-बंदर को लेकर कौन आया?**

उ- मदारी

**प्र-ब-बंदर ने कैसे कपड़े पहने है?**

उ -फटे पुराने रंग बिरंगे, कपडे

**प्र-क-बंदर की आँखें कैसी है?**

उ- आँखें छोटी

**प्र-ख-बंदर की क्या मोटी है?**

उ -दुम

**प्र-ग-बंदर क्या दिखाता है**

उ- दाँतो

**[WRITING SECTION ] लेखन**

प्र-2- अ-निम्नलिखित विषयों पर निबन्ध लिखिए-

**प्रिय शिक्षक**

शिक्षक एक माली की तरह है जो न केवल पौधे रूपी विधार्थीयो को प्यार से पोषित करते है।बलकि उन्हे एक बेहतर मनुष्य के रूप में ,संस्कार रूपी पुष्प खिलाकर गुणों को महक भी देते है।हमेंसामजिक और मानसिक स्तर में शिक्षक का बेहद महत्वपूर्ण योगदान होता है । हमारे प्रिय शिक्षक हमारी हिंदीवाली शिक्षिका हैजोहमें पढानेके समय में हमें

समझ न आनेपर हमारी हर शंका का समाधान भीकरते है। कक्षा में पढाने के साथ-साथ शिक्षक हमें कई अच्छी -अच्छी बातें भी समझते है जैसे बड़ो का सम्मान करना, सुबह उठकर अपने बड़ो को प्रणाम करना, अपनी गलती पर क्षमा माँगना और प्यार से व्यवहार करना ।वे हमेशा विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते है और खेल कूद पढ़ाई के समान रूप से ध्यान देने की सीख भी देते है ।

दिवाली

भारत में हिंदू धर्म के लोगों द्वारा बनाया जाने वाला सबसे बड़ा त्यौहार दीवाली है प्रत्येक वर्ष दीपावली अमावस्या के दिन अक्टूबर या नवंबर माह में मनाई जाती है भगवान श्री राम के 14 वर्ष के वनवास काटने के बाद अयोध्या लौटने पर उनके स्वागत में यह त्यौहार मनाया जाता है यह त्यौहार 5 दिनों तक चलता है जिसमें धनतेरस गोवर्धन पूजा भैया दूज इत्यादि उत्सव शामिल होते हैं।

दिवाली के कुछ दिन पहले लोग अपने घरों की साफ-सफाई करते हैं रंग-बिरंगे फूलों और लाइटों से घर को सजाते हैं दिवाली के दिन संध्या के समय भगवान श्री गणेश महालक्ष्मी और मां सरस्वती की पूजा की जाती है।

दीपावली के इस दिन को प्रकाश पर्व भी कहा जाता है क्योंकि इसमें सभी लोग अपने घरों में दीपक जलाते हैं जिससे चारों तरफ रोशनी ही रोशनी फैल जाती है यह भारत देश का सबसे बड़ा त्यौहार है इसलिए इस उपलब्ध में राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाता है यह त्यौहार बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है।

सभी लोग नए कपड़े पहनते हैं बच्चे पटाखे फोड़ते हैं और बड़े लोग एक दूसरे को गले लगाकर दिवाली की बधाइयां देते हैं दिवाली बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में भी मनाया जाता है।

**उत्तरायण**

मकर संक्रांति का त्योहार हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में शामिल है, जो सूर्य के उत्तरायन होने पर मनाया जाता है। इस पर्व की विशेष बात यह है कि यह अन्य त्योहारों की तरह अलग-अलग तारीखों पर नहीं, बल्कि हर साल **ऋथ** जनवरी को ही मनाया जाता है, जब सूर्य उत्तरायन होकर मकर रेखा से गुजरता है।

कभी-कभी यह एक दिन पहले या बाद में यानि **ऋट** या **ऋत्र** जनवरी को भी मनाया जाता है लेकिन ऐसा कम ही होता है। मकर संक्रांति का संबंध सीधा पृथ्वी के भूगोल और सूर्य की स्थिति से है। जब भी सूर्य मकर रेखा पर आता है, वह दिन **ऋथ** जनवरी ही होता है, अतः इस दिन मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है।

ज्योतिष की दृष्टि से देखें तो इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है और सूर्य के उत्तरायण की गति प्रारंभ होती है।

भारत के अलग-अललग क्षेत्रों में मकर संक्रांति के पर्व को अलग-अलग तरह से मनाया जाता है। आंध्रप्रदेश, केरल और कर्नाटक में इसे संक्रांति कहा जाता है और तमिलनाडु में इसे पोंगल पर्व के रूप में मनाया जाता है। पंजाब और हरियाणा में इस समय नई फसल का स्वागत किया जाता है और लोहड़ी पर्व मनाया जाता है, वहीं असम में बिहू के रूप में इस पर्व को उल्लास के साथ मनाया जाता है। हर प्रांत में इसका नाम और मनाने का तरीका अलग-अलग होता है।

अलग-अलग मान्यताओं के अनुसार इस पर्व के पकवान भी अलग-अलग होते हैं, लेकिन दाल और चावल की खिचड़ी इस पर्व की प्रमुख पहचान बन चुकी है। विशेष रूप से गुड़ और घी के साथ खिचड़ी खाने का महत्व है। इसेक अलावा तिल और गुड़ का भी मकर संक्राति पर बेहद महत्व है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर तिल का उबटन कर स्नान किया जाता है। इसके अलावा तिल और गुड़ के लड्डू एवं अन्य व्यंजन भी बनाए जाते हैं। इस समय सुहागन महिलाएं सुहाग की सामग्री का आदान प्रदान भी करती हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे उनके पति की आयु लंबी होती है।

मकर संक्रांति को स्नान और दान का पर्व भी कहा जाता है। इस दिन तीर्थों एवं पवित्र नदियों में स्नान का बेहद महत्व है साथ ही तिल, गुड़, खिचड़ी, फल एवं राशि अनुसार दान करने पर पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसा भी माना जाता है कि इस दिन किए गए दान से सूर्य देवत प्रसन्न होते हैं।

इन सभी मान्यताओं के अलावा मकर संक्रांति पर्व एक उत्साह और भी जुड़ा है। इस दिन पतंग उड़ाने का भी विशेष महत्व होता है और लोग बेहद आनंद और उल्लास के साथ पतंगबाजी करते हैं। इस दिन कई स्थानों पर पतंगबाजी के बड़े-बड़े आयोजन भी किए जाते हैं।

## मेरा प्रिय खेल

क्रिकेट एक बहुत ही लोकप्रिय खेल है यह मेरा भी प्रिय है यह घर के बाहर मैदान में खेले जाने वाला खेल है । क्रिकेट मेंदोटीम होती हैं।।दोनों के बीच के मैच खेला जाता है प्रत्येक टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं और प्रत्येक ओवर में ६बॉल होते हैं।एक टीम बैटिंग करती है दसरी टीम बोलिंग बोलिंगवेल्डिंग करती है लेकिन की टीम में अंपायर होता है।क्रिकेट के खेल में अब बार-बार निर्णय गोलू टीमों को मानना पड़ता है।जिस दिन के ज्यादा रन बनते हैं वह टीम जीत जाती है।जीतने वाली टीम को पुरस्कार दिया जाता है। क्रिकेट का खेल यों तो किसी भी मौसम में खेला जा सकता है परंतु अत्यधिक गरमी या वर्षा ऋतु में इसे खेलने में कठिनाई आती है । इसीलिए अधिकतर टेस्ट मैच अथवा एक दिवसीय मैच शांत मौसम में खेले जाते हैं । शीत ऋतु तथा बसत ऋतु में क्रिकेट खेलने का मजा ही कुछ और है ।

हमारे देश में क्रिकेट खेल की लोकप्रियता सबसे अधिक है । इसे करोड़ों बच्चे खेलते हैं । क्रिकेट का रोमांच ही कुछ ऐसा है कि यह खेल युवाओं तथा बच्चों को सहज ही आकर्षित करता है । हमारे देश में गावस्कर कपिलदेव सचिन तेंदुलकर सौरभ गांगुली बिशन सिंह बेदी

चंद्रशेखर जैसे महान क्रिकेट खिलाड़ियों ने जन्म लिया है । गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे महान बल्लेबाजों ने करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीता है । मैं भी क्रिकेट का एक अच्छा खिलाड़ी बनकर अपनी प्रतिभा सिद्ध करना चाहता हूँ ।

बल्लेबाजी की अपेक्षा मेरी गेंदबाजी अधिक अच्छी है । एक तेज गेंदबाज के रूप में मैं अपने देश का गौरव बढ़ाना चाहता हूँ । क्रिकेट गेंद और बल्ले का खेल है जो खुले समतल मैदान में खेला जाता है । क्रिकेट की एक टीम में ग्यारह खिलाड़ी होते हैं । इनमें से कुछ बल्लेबाज तो कुछ गेंदबाज होते हैं । कुछ खिलाड़ी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों कर सकते हैं ।

## (ब)-पत्र-लेखन

**1- बीमार मामा जी का हाल पूछने पर पत्र ।**
**मकान नं-ऋध**
**करोल बाग,**
**नई दिल्ली।**
**दिनांक ----------------------**
**आदरणीय मामा जी,**
**सादर प्रणाम**
**हम सब यहाँ पर कुशलता से हैं।मुझे कलही पता चला कि आप काफी बिमार हो गए थे।इस पत्र के माध्यम से मैं आपका हाल-चाल पूछना चाहता हूँ। अब आपकी तबियत कैसी है।डाकटर ने क्या कहा आप अपना ध्यान रखना औरखाने पीने का ध्यान रखना दवाई समय पर लेना ।**
**आपका प्यारा**

**2- अपने नाना नानी को सुममेर वाचतीन मा घर आने के लिए पत्र लिखे**

**किर्तिनाथ मिश्र**

**पेट्रोलियम पंप ,मलाड**

**मुंबई -त्रध**

**दिनांक : 24/10/2018**

**आदरणीय नानी एवं नाना जी**

**सादर प्रणाम,**

**समाचार अच्छे हैं आशा करता हूँ कि आपलोग भी वहां सकुशल होंगे । नाना जी आपसे एक निवेदन है कि नानी के साथ हमारे घर अवश्य आइये क्यूंकि 13 मई से 14 जून तक हमारी गर्मियों की छुट्टियाँ रहेंगी। उसी बीच में 2 मई को मेरा जन्मदिन भी पड़ेगा आप समझ सकते हैं कि आपके और नानी के बिना मेरा जन्मदिन कैसा अधुरा रहेगा ।**

**कृपया आपलोग आ जाइये न ेहमलोग यहाँ बहुत मस्ती करेंगे े रीतू काफी शैतान होती जा रही है कुछ भी मम्मी को बोल देती है और मुझे डांट खिलाती है ेयहाँ कई मंदिर हैं । पार्क भी है हमलोग शाम को प्रतिदिन आपलोगों को घुमाने ले जायेंगे और आपलोगों के साथ खेलेंगे भी आइये और बताइए किस तारीख को आ रहे हैं ेहमलोग दिन गिन रहे हैं । देखियेढ ना मत कहियेगा ेहमलोग यहाँ कुशल है आपलोग के आने की प्रतीक्षा है ।**

**आपका ही प्यारा नाती सौरभ**

**3-आपका आई कार्ड खो गया है। आपको नया कार्ड बनवाना है अपनी कक्षा अध्यापिका जी को पत्र लिखिए-**

आई कार्ड खो गया है अपनी अध्यापिका जी को पत्र लिखकर बताइए।

पुण्णाइंटरनेशनल स्कूल

झुंडाल

अहमदाबाद

दि::. सितंबर२०

माननीय अध्यापिका जी

मैं राज शर्मा आपकी कक्षा का छात्र। मेरा आई कार्ड पिछले सप्ताह हो गया है ।अब मुझे रोज आई कार्ड के लिए गेट पर रोका जाता है ।मैंने कार्ड हर जगह ढूंढा परंतु कहीं नहीं मिला। आपसे निवेदन है कि मुझे नया आई कार्ड बनवा दीजिए।

सधन्यवाद

आपका छात्र

अ, ब, क

**(क)-नीचे दिए गए चित्रों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**



प्र-1-चित्र किस जगह का है?

उ-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

प्र-2-चित्र में कितने बच्चे हैं?

उ-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

प्र-3-चित्र में कितने झूलें हैं नाम लिखो?

उ-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

प्र-4-चित्र में कितने पेड़ हैं?

उ-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------



**प्र-1-यह चित्र कहाँ का है?**

उ-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

**प्र-2-चित्र में कौन-कौन से जानवर दिखाई दे रहे हैं?**

उ-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

**प्र-3-चित्र में कौन कौन पिंजड़े में है?**

उ-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

**प्र-4-चित्र में कितने जानवरों क्स्रु बच्चे दिखाई दे रहें हैं?**

उ-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

**प्र-5- चित्र में कितने आदमी दिख रहे हैं?**

उ-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------

**[GRAMMAR SECTION] व्याकरण**

प्र-3-निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

1-शब्दार्थः-

1 कुतरना - टुकड़े टुकड़े काटना
2 दुबकना - छिपना
3 छन्ना - छेद वाला चम्मचा
4 जिल्द - कवर
5 धाता - दौड़ता भागता
6 स्वतंत्रता - आजादी
7 विरोध - बाधा, रोक
8 सत्याग्रह - सत्य पर अड़े रहना
9 आश्चर्य - चकित
10 निश्चय - संकल्प
11 व्यस्त - कार्य में लगे रहना
12 गर्व - अभिमान
13 हट - जिदद
14 अन्याय - अत्याचार
15 योजना - काम की रूपरेखा
16 अभिनय - नाटक करने की कला
17 तरकारी - सब्जी
18 प्रयत्न - प्रयास , कोशिश
19 उत्साह - उमंग
20 बोझ - भार
21 सबक - सीख
22 फिक्र - चिंता, परवाह
23 गजब - कमाल
24 ढब - तरिका
25 पागुर - जुगाली
26 फुर्ती - तेजी
27 झोला - थैला
28 टुकुर टुकुर - लाचारी से देखना
29 व्यवहार - बर्ताव
30 परामर्श - सलाह
31 चौकन्ना - सतर्क
32 मशहूर - प्रसिद्ध
33 फौरन - तुरंत
34 चेतावनी - सावधान करना
35 दुम - पूँछ
36 कलगी - सिर पर सुंदर सा बालों की चोटी

37 वरदान - आशीर्वाद 38 कोलाहल - शोर

2-विलोम शब्दः-

| | | |
|---|---|---|
| 1 रात x दिन | 2 सोना x जागना | 3 रोज़ x कभी कभी |
| 4 गिरना x उठना | 5 सुबह x शाम | 6 सवाल x जवाब |
| 7 गाँव x शहर | 8 खरीदना x बेचना | 9 गरीब x अमीर |
| 10 अन्याय x न्याय | 11 स्वतंत्रता x परतंत्रता | 12 विरोध x सहमत |
| 13 रोना x हँसना | 14 दुःख x सुख | 15 पास x दूर |
| 16 खटटा x मीठा | 17 एक x अनेक | 18 देना x लेना |
| 19 शांति x अशांति | 20 शत्रु x मित्र | 21 ठण्डा x गरम |
| 22 दंड x पुरस्कार, इनाम | 23 प्रकाश x अंधकार | |

3-वर्ण-विच्छेदन को मिला कर शब्द बनाइए-**हर व्यंजन में स्वर जुड़ा होता है।**

| | |
|---|---|
| 1 स+अ+ह+अ+स+आ सहसा | 2 भ+अ+ष+आ भाषा |
| 3 स+आ+ग+अ+र+अ सागर | 4 द+ए+ख+अ+न+आ देखना |
| 5 भ+आ+र+त+अ भारत | 6 क+आ+ट+अ+न+ा काटना |
| 7 अ+क+अ+ब+अ+र+अ अकबर | 8 ख+व+आ+ज+आ ख्वाजा |
| 9 म+उ+स+ई+ब+अ+त+अ मुसीबत | 10 ब+उ+द+ध+इ बुद्धि |

4-संज्ञा शब्द को छाँटकर अलग लिखिए-**संज्ञा किसी व्यक्ति, वस्तु स्थान व पशु-पक्षी के नाम को कहते हैं।**

| | |
|---|---|
| 1 यहाँ गंगा बहती है।- गंगा | 2 राम जाता है। - राम |
| 3 गीता पवित्र ग्रंथ है।- गीता ,ग्रंथ | 4 शेर जंगल में रहता है। - शेर, जंगल |
| 5 किसान डर से काँपने लगा।-किसान, डर | 6 गाँव में एक धोबी रहता था।- गाँव, धोबी |
| 7 लाल गुलाब लाओ।- गुलाब | 8 लड़की ने पुस्तक पढ़ी। -लड़की, पुस्तक |

5-सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए-**संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किये जानेवाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।**

| | |
|---|---|
| 1 जिसने चोरी की है, वह पकड़ा जाएगा। - जिसने, वह | 2 बाहर कोई खड़ा है। -कोई |
| 3 मैं आइस्क्रीम खा रहा हूँ। - मैं | 4 वह आर हा है। -वह |
| 5 तुम आज विध्यालय नही जाओ। - तुम | 6 आप कहाँ जार हे हो? -आप |
| 7 वे कब आएँगे? - वे | 8 तुम्हें अब पढ़ना चाहिए। -तुम्हें |

6-सर्वनाम शब्द को छाँटकर उचित स्थान में लिखिए- **सर्वनाम में पुरुषवाचक के तीन भेद-**

| उत्तम पुरुष | मध्य पुरुष | अन्य पुरुष |
|---|---|---|
| मैं | तुम | वह |
| हमारा | तुम्हें | उसने |
| मैंने | आपको | यह |
| मुझे | तुम्हारा | ये |
| मुझको | तुझे | वे |

7-वाक्य शुदध करके लिखिए-

| अशुदध | शुदध |
|---|---|
| 1 मैने आज वहाँ जाना है। | मुझे आज वहाँ जाना है। |

2 गाँधीजी सच बोलता है। गाँधी जी सच बोलते हैं।
3 तेरे को पिताजी बुलाया है। तुम्हें पिताजी बुला रहे हैं।
4 मानसून आ गई है। मानसून आ गया है।
5 ये सब बच्चे अच्छा है। ये सब बच्चे अच्छे हैं।

8-निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए- **स्त्री और पुरुष के अंतर को बतानेवाले शब्द।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1-बाघ | बाघिन | 2-चिड़ा | चिड़िया |
| 3-ऊँट | ऊँटनी | 4-सेवक | सेविका |
| 5-शिक्षक | शिक्षिका | 6-माली | मालिन |
| 7-घोड़ी | घोड़ा | 8-लेखिका | लेखक |
| 9-ग्वाला | ग्वालन | 10-सेठ | सेठानी |
| 11-हाथी | हथिनी | 12-बहन | भाई |
| 13-बालक | बालिका | 14-चुहिया | चूहा |

9-निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए-**एक और अनेक का भेद बतानेवाले शब्द।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1-लड़का | लड़के | 2-घोड़ा | घोड़े |
| 3-फल | फल | 4-किरणें | किरण |
| 5-कापी | कापियाँ | 6-कमरे | कमरा |
| 7-चीता | चीते | 8-गेंद | गेंदें |
| 9-कक्षा | कक्षाएँ | 10-युवतियाँ | युवती |
| 11-आँख | आँखें | 12-प्रतिमा | प्रतिमाएँ |
| 13-शीशा | शीशे | 14-घड़ी | घड़ियाँ |

10-निम्नलिखित वाक्यों में **विशेषण और विशेष्य चुनिए-संज्ञा या सर्वनाम को विशेष्य कहते हैं और इन की विशेषता बतानेवाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।**

| | **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|---|
| 1-बाघ एक हिंसक प्राणी है। | हिंसक | बाघ |
| 2-कौए की बोली कर्कश है। | कर्कश | कौए |
| 3-रोगी का स्वास्थ्य अच्छा है। | अच्छा | रोगी |
| 4-नीम के फल कड़वे होते हैं। | कड़वे | नीम |
| 5-भोले होते हैं। | भोले | बच्चे |
| 6-राम और श्याम में गहरी मित्रता है। | गहरी | राम,श्याम |
| 7-कुत्ता वफादार जानवर है। | वफादार | कुत्ता |
| 8-आसमान नीला है। | नीला | आसमान |
| 9-रोहन चतुर लड़का है। | चतुर | लड़का |
| 10-गाँधीजी का व्यक्तित्व उच्च कोटी का है। | उच्च कोटी | गाँधीजी |

11-निम्निलिखित वाक्यों में **क्रिया चुनिए-संज्ञा या सर्वनाम जो काम करते हैं वह क्रिया कहलाती है।**

| | **क्रिया** |
|---|---|
| 1-कछुआ धीरे चलता है। | चलता |
| 2-मछली जल में रहती है। | रहती |
| 3-राजू के दाँत चमक रहे हैं। | चमक |

4-रानी ने सुंदर कपड़े पहने है-। पहने

5-आज बारीश होगी। होगी
6-वन में मोर नाँचते हैं। नाँचते
7-गाय दूध देती है। देती
8-दोनों रस्सियों को बाँध दो। बाँध
9-विदयार्थियों ने परीक्षा दी। दी
10-हाथी जोर से चिंघाड़ा। चिंघाड़ा

12-निम्नलिखित वाक्यों में से किया और किया-विशेषण चुनिए-**किया की विशेषता बतानेवाले शब्द किया-विशेषण कहलाते हैं।**

| | **किया** | **किया-विशेषण** |
|---|---|---|
| 1-जरा सुनो तो। | सुनो | जरा |
| 2-गाँड़ी दूर जा रही है। | जा रही | दूर |
| 3-उल्लू रातभर जागता है। | जागता | रातभर |
| 4-बीमार लोग कम खाते हैं। | खाते | कम |
| 5-मोहन अभी-अभी आया है। | आया | अभी अभी |
| 6-सोहन अधिक बोलता है। | बोलता | अधिक |
| 7-गोली दनादन चल रही थी। | चल | दनादन |
| 8-दादी धीरे धीरे खाती हैं। | खाती | धीरे धीरे |
| 9-उसके पास पर्याप्त धन है। | है | पर्याप्त |
| 10-वह चुपचाप बैठा है। | बैठा | चुपचाप |
| 11-घड़ी हाथों-हाथ बिक गई। | बिक | हाथों-हाथ |
| 12-धूप जरूर निकलेगी। | निकलेगी | जरूर |
| 13-केसर की खेती कही-कहीं होती है। | होती | कहीं-कहीं |
| 14-धरती दिन-रात घूमती है। | घूमती | दिन-रात |

13-निम्नलिखित वाक्यों में उददेश्य और विधेय अलग करिए-

| **वाक्य** | **उददेश्य** | **विधेय** |
|---|---|---|
| 1-ईश्वर सदा रक्षा करते हैं। | ईश्वर | रक्षा करते है। |
| 2-कबड्डी भारतीय खेल है। | कबड्डी | भारतीय खेल है। |
| 3-लालकिला दिल्ली में है। | लालकिला | दिल्ली में है। |
| 4-ईमानदारी से जीना चाहिए। | ईमानदारनि | जीना चाहिए। |
| 5-कायर व्यक्ति जीत नही सकता। | कायर व्यक्ति | जीत नही सकता। |
| 6-शिक्षक ने पाठ पढ़ाया। | शिक्षक | पाठ पढ़ाया। |
| 7-हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। | हिंदी | राष्ट्रभाषा है। |
| 8-गाँधीजी सच के पुजारी थे। | गाँधीजी | सच के पुजारी थे। |
| 9-दिल्ली भारत की राजधानी है। | दिल्ली | राजधानी है। |
| 10-चेतक राणा प्रताप का घोड़ा था। | चेतक | राणा प्रताप का घोड़ा था। |

14-निम्नलिखित वर्तनी को शुदध करके लिखिए-

| **अशुदध-शब्द** | **शुदध शब्द** | **अशुदध-शब्द** | **शुदध शब्द** |
|---|---|---|---|
| 1- क्षात्र | छात्र | 2- किषान | किसान |
| 3- परवत | पर्वत | 4- द्रश्य | दृश्य |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5- चलाक | चालाक | | 6- कुमहार | कुम्हार |
| 7- धम्र | धर्म | | 8- बिमार | बीमार |
| 9- आयू | आयु | | 10- रार्स्ट | राष्ट्र |

15-निम्लिखित वाक्यों में विराम चिहन लगाइए-

(?) प्रश्नवाचक (।)पूर्ण विराम (,)अलप विराम (!)विस्मयसूचक

| | |
|---|---|
| 1-चाँद रात मे, दिखता है | 1-चाँद रात में दिखता है। |
| 2-हाय यह क्या हुआ | 2-हाय! यह क्या हुआ? |
| 3-क्रोध लोभ ईर्ष्या मनुष्य के दुर्गुण हैं | 3-क्रोध,लोभ,ईर्ष्या मनुष्य के दुर्गुण हैं। |
| 4-इस समय कौन आ गया | 4-इस समय कौन आ गया? |
| 5-हे ईश्वर मेरी मदद करो | 5-हे ईश्वर! मेरी मदद करो। |
| 6-मित्र धीरज न हारो सब ठीक होगा | 6-मित्र धीरज न हारो, सब ठीक होगा। |
| 7-मुझे क्यों बुलाया है | 7-मुझे क्यों बुलाया है? |
| 8-ओह आटा तेल नमक क्यों मिला दिया | 8-ओह! आटा,तेल,नमक क्यों मिला दिया? |

## [LITERATURE SECTION ] पाठ्य पुस्तक / साहित्य

प्र-1-उचित विकल्प चुनिए-MCQs

**1-स्याही को किसने बिखेरा?**

अ-बिल्ली ने　　**ब-चूहे ने**　　क-कुत्ते ने

**2-दोने में क्या रखा हुआ था?**

अ-मिठाई　　ब-पूड़ी　　क-सब्जी

**3-तस्वीर के कितने टुकड़े हो गए?**

अ-तीन　　ब-चार　　**क-दो**

**4-खलीता से अनजाने में क्या गिर जाता है?**

**अ-पैसे**　　ब-दूध　　क-पानी

**5-शरारती जीव क्या नही करने देता था?**

अ-पढ़ने　　**ब-सोने**　　क-खेलने

**6-गांधीजी के आश्रम में रहनेवाला धनी कितने साल का था?**

अ-दस　　**ब-आठ**　　क-सात

**7-गांधीजी की तरह सभी लोग किस के लिए लड़ रहे थे?**

**अ-भारत की स्वतंत्रता के लिए**　　ब-धन के लिए　　क-भोजन के लिए

**8-गांधीजी और उनके साथी कहाँ बैठ कर योजना बना रहे थे?**

अ-बगीचे मे　　**ब-कमरे मे**　　क-बरामदे में

**9-धनी ने बिन्नी को किससे बाँधा?**

अ-झाड़ी से　　ब-रस्सी से　　**क-नींबू के पेड़ से**

**10-गांधीजी अपनी यात्रा पर किस प्रकार जार हे थे?**

**अ-पैदल**　　ब-बस से　　क-ट्रेन से

**11-मुन्नी के साथ रोटी कौन बनाता है?**

अ-सरला　　**ब-तरला**　　क-नीना

**12-टिंकु क्या बकाता है?**

अ-सब्जी　　**ब-बड़िया**　　क-दाल

**13-खाना खाकर सारे बच्चे क्या करते हैं?**

अ-सो जाते है　　　　ब-घर जाते हैं　　　　क-खेलते हैं

14-छींके पर गरम गरम क्या रखा है?

अ-दाल　　　　ब-रोटी　　　　क-मटठा

15-आधी रात में आकर रोटी और भात कौन खा जाता है?

अ-सरला　　　　ब-तरला　　　　क-बिल्ली

16-निम्न में से पढ़क्कू की विशेषता कौन-सी है?

अ-तेज　　　　ब-बुदधू　　　　क-होशियार

17-पढ़क्कू क्या पढ़ते थे?

अ-तर्कशास्त्र　　　　ब-विज्ञान　　　　क-अर्थशास्त्र

18-पढ़क्कू ,मालिक के बारे में सोचते रहे कि वह

अ-पढ़क्कू है　　　　ब-गजब है　　　　क-अकड़ू है

19-बैल की गरदन में क्या बँधी हुई थी?

अ-रस्सी　　　　ब-घड़ी　　　　क-घंटी

20-सुनीता कितने बजे सो कर उठी?

अ-सात बजे　　　　ब-नौ बजे　　　　क-पाँच बजे

21-सुनीता को अकेले कहाँ जाना था?

अ-स्कूल　　　　ब-बाज़ार　　　　क-खेलने

22-अचार की बोतल कहाँ रखी हुई थी?

अ-मेज़ पर　　　　ब-स्टूल पर　　　　क-अलमारी में

23-सुनीता की माँ ने सुनीता से क्या मँगवाया?

अ-चीनी　　　　ब-दाल　　　　क-दूध

24-सड़क पार करते समय सुनीता को कौन दिखाई दिया?

अ-अमित　　　　ब-फ़रीदा　　　　क-छोटी लड़की

25-सुलेमान बादशाह किस कारण से परेशान हो रहे थे?

अ-सर्दी से　　　　ब-बीमारी से　　　　क-धूप से

26-निम्न में से हुदहदों के मुखिया की विशेषता कौन सी है?

अ-चतुर　　　　ब-मूर्ख　　　　क-समझदार

27-निमन में से कौन से शब्द हुदहुद पक्षी के लिए सबसे अधिक उपयुक्त हैं?

अ-अच्छा　　　　ब-सुन्दर　　　　क-चालाक

28-हुदहुद के पंखों का रंग कैसा होता है?

अ-सफेद　　　　ब-भूरा　　　　क-काला

29-हुदहुद की गर्दन का अगला हिससा किस रंग का होता है?

अ-बादामी　　　　ब-काला　　　　क-सफ़ेद

30-भीखूभाई क्या खाना चाहते थे?

अ-आम　　　　ब-नारियल　　　　क-संतरा

31-भीखूभाई कैसे व्यक्ति थे?

अ-दानी　　　　ब-मूर्ख　　　　क-कंजूस

32-मंडी में क्या फैला हुा था?

अ-कोलाहल　　　　ब-रुमाल　　　　क-नारियल

33-सागर के किनारे कौन बैठा हुआ था?

अ-मजदूर　　　　ब-नाव वाला　　　　क-गोताखोर

प्र-2-निम्लिखित अतिलघु प्रश्न उत्तर-

**1-कविता में किसके बारे में बताया गया है?**

उ-चूहे के बारे में बताया गया है।

**2-पूरे घर में शरारती जीव ने क्या बिखेर दिया?**

उ-अनाज बिखेर जाता है।

**3-कूड़ा कौन बीनता है?**

उ-कूड़ा कबाड़ी बीनता है।

**4-वह शरारती जीव कहाँ छिप जाता है?**

उ-वह शरारती जीव कोने में छिप जाता है।

**5-धनी और उसके माता पिता कहाँ रहते थे?**

उ-गाँधीजी के आश्रम में रहते थे।

**6-बिन्नी कौन थी?**

उ-बकरी थी, जो धनी के साथ रहती थी।

**7-गाँधीजी कहाँ जा रहे थे?**

उ-दांडी जा रहे थे।

**8-बूढ़ा बिंदा क्या खोद रहा था?**

उ-आलू का खेत खोद रहा था।

**9-मुन्नी किसको पुकारती है?**

उ-मुन्नी नीना को पुकारती है।

**10-सरला क्या काम करना पसंद करती है?**

उ-सरला ने दही का मटठा बनाना पसंद किया।

**11-नीना क्या बन जाती है?**

उ-नीना बिल्ली बन जाती है।

**12-पढ़क्कू, जहाँ कोई बात न होती वहाँ भी क्या करते थे?**

उ-पढ़क्कू जहाँ कोई नही होता वहाँ कोई नई बात गढ़ लेता है।

**13-एक रोज़ फ़िक्र में कौन पड़ गया?**

उ-एक रोज पढ़क्कू फिक्र में पड़ गया।

**14-जब बैल के गले में बँधी घंटी नही बजती थी तब मालिक क्या करता था?**

उ-तब मालिक बैल की पूँछ पर धाक मारता है।

**15-मालिक ने पढ़क्कू को कहाँ पर ज्ञान फैलाने के लिए कहा?**

उ-जहाँ से ज्ञान पढ़ कर आया था वहाँ पर ज्ञान फैलाने को कहा।

**16-बाज़ार जाने के लिए सुनीता ने अपनी माँ से क्या लिया?**

उ-सुनीता एक थैला और पैसे माँ से लेकर बाजार जाती है।

**17-दुकान में जाने के लिए सुनीता को कहाँ पर चढ़ना था?**

उ-सीढ़ियाँ चढ़ना था।

**18-लोगों के व्यवहार को देखकर सुनीता ने अपने आप को कैसी लड़की कहा?**

उ-जैसे वह कोई अजीबोगरीब लड़की हो।

**19-बादशाह सुलेमान किस पर बैठ कर जा रहे थे?**

उ-उड़नखटोले पर बैठजा रहे थे।

**20-सुलेमान ने किस-किस से मदद माँगी?**

उ-सुलेमान ने गिद्ध से और हुदहुद से मदद माँगी।
**21-हुदहुदों की मुखिया ने किससे परामर्श किया?**
उ-मुखिया ने अपने साथियों से परामर्श किया।
**22-हुदहुद की चोटी किस रंग की होती है?**
उ-बादामी रंग की होती है।
**23-भीखूभाई के अनुसार नारियल का स्वाद कैसा होगा ?**
उ-मीठा-मीठा स्वाद होगा।
उ-बाजार में नारियलवाले के पास।
**25-मंडी में नारियल वाले ने भीखूभाई को कहाँ से नारियल खरीदने को कहा?**
उ-बंदरगाह , समुंद्र के पास नारियल खरीदने को कहा।
**26-सबसे सस्ते नारियल भीखूभाई को कहाँ मिल सकते थे?**
उ-बगीचे में।
प्र-3-निम्लिखित लघु व दीर्घ प्रश्न उत्तर-
**1-दोना खाली क्यों रह गया?**
उ-क्योंकि बर्फी चूहा खा गया था।
**2-रातभर कौन जागता है? रातभर जागकर वह क्या-क्या करता है?**
उ-शरारती जीव रातभर जागकर खुर खुर करता है और उधर इधर भागता है
**3-घर में किस किस तरह की चीज़ों का नुक्सान हुआ?**
उ-घर में स्याही बिखरी,चप्पल कुतरी,तस्वीर टूटी,रस्सी कटी,पोथी बिखरी आदि नुक्सान हुआ।
**4-साबरमती में सबको क्या करना पड़ता है?**
उ-कोई न कोई काम करना पड़ता है।
**5-बिंदा ने धनी से बकरी को कहाँ और क्यों बाँधने को कहा?**
उ-नीबू के पेड़ से बाँधने को कहा।
**6-गांधीजी किसी बात का विरोध करने के लिए क्या करते थे?**
उ-सत्याग्रह करते थे।
**7-धनी ने बापू से मिलने का निश्चय क्यों किया?**
उ-क्योंकि यात्रा में कौन जायगा यह गांधीजी ही तय करते थे।
**8-धनी ने अपना और बिन्नी का परिचय किस प्रकार दिया?**
उ-धनी बापू से बोला यह मेरी दोस्त बिन्नी है जिसका दूध आप रोज पीते हैं।
**9-धनी कौन था? आश्रम में उसका क्या कार्य था?**
उ-धनी एक छोटा बालक था आश्रम में रहकर बकरी का ख्याल रखता है।
**10-बिंदा ने धनी को गांधीजी की यात्रा के बारे में क्या बताया?**
उ-बिंदा ने कहा कि बापू दांडी नमक बनाने जार हे है।
**11-गांधीजी ने धनी को अपने साथ न चलने के लिए कैसे मनाया?**
उ-गांधीजी ने कहा कि यहाँ तुम नही होगे तो बिन्नी की देखभाल कौन करगा ?यही रहकर बिन्नी की देखभाल करो।
**12-नीना,चुन्नू और टिंकू से क्या बनवाना चाहती है और क्यों?**
उ-नीना चुन्नू और टिकु से दाल बनवाना चाहती थी ,जब चुल्हे में आग भी न जलेगी तो मज़ा आएगा।
**13-सरला क्यों चिल्लाई?**
उ-छिके से माखन गायब ,कोई रोटी,दाल माखन खा गया था।
**14-चुन्नू की पीठ क्यों दुःख रही थी?**

उ-सब्जी का बोझ उठाक-उठाकर चुन्नू की पीठ दुख रही थी।

**15-बच्चे बिल्ली को कहाँ कहाँ ढूँढ़ते हैं और बिल्ली किसे मिलती है?**

उ-बच्चे अंदर-बाहर,ऊपर-नीचे और रंगमंच के सामने ढूँढ़ रहे थे।

**16-बिल्ली क्या करती हैं वह क्या-क्या खा जाती है?**

उ-बिल्ली रात में आकर दाल ,भात रोटी और माखन खा जाती है।

**17-क्या बच्चे बिल्ली को पकड़ लेते हैं? वह उसे पकड़ने के लिए क्या-क्या तरकीब लगाते हैं?**

उ-बच्चे बिल्ली को सब जगह ,अंदर-बाहर, ऊपर-नीचे और मंच के सामने ढूँढ़ते हैं।

**18-पढ़क्कू क्या बात नहीं समझ पाया?**

उ-पढ़क्कू नही समझ पाया कि बैल लगातार घूम क्यों रहा है।

**19-बैल की गर्दन में घंटी बाँधने का क्या कारण था?**

उ-बैल चलेगा तो घंटी बजेगी मालिक को पता रहेगा कि बैल घूम रहा है। यही कारण से घंटी बँधी थी

**20-पढ़क्कू ने मालिक को कैसे बेवकूफ बनाया?**

उ-पढ़क्कू ने कहा कि कभी यह न घूमें और एक ही जगह खड़अ ही सिर हिला कर घंटी बजाता रहे तो क्या करोगे।

**21-मालिक ने पढ़क्कू के प्रश्न का क्या उत्तर दिया?**

उ-मालिक ने कहा कि कभी घंटी नही बजती तो बैल की पूँछ पर एक धाक गढ़ देता हूँ।

**22-सुनीता के लिए कौन -कौन से काम करना कठिन हैं?**

उ-कपड़ बदलना और जूते पहनना बहुत कठिन काम था।

**23-सुनीता देखकर लोग क्यों मुस्कुरा रहे थे?**

उ-क्योंकि सुनीता पहियाकुर्सी पर बाजार गई थी।

**24-रास्ते में मिली फरीदा ने सुनीता से क्या प्रश्न पूछा?**

उ-फरीदा ने पूछा कि यह अजीब सी चीज क्या है?

**25-फ़रीदा की माँ ने फ़रीदा को सुनीता से दूर क्यों हटा दिया?**

उ-क्योकि फरीदा सुनीता से बात कर रही थी जो उसकी माँ को पसंद नही था,क्योकि सुनीता पहियाकुर्सी के सहारे चलती थी।

**27-हुदहुदों की दुम कैसी दिखाई देती है?**

उ-हुदहुद कीदुम भीतर से सफेद और बाहर से काली दिखाई देती है।

**28-हुदहुदों की चोंच कैसी दिखाई देती है ? वह चोंच का इस्तेमाल कैसे करता है?**

उ-हुदहुदों कीचोंच लंबी,पतली और पैनी होती है ,जो कीड़े पकड़ने के काम आती है।

**29-हुदहुद को हजामिन चिड़िया क्यों कहा जाता है?**

उ-क्योंकी हुदहुद की चोंच नाखुन काटने की नहरनी की तरह होती है।

**30-हुदहुद को किन किन नामों से पुकारा जाता है और क्यों?**

उ-हुदहुद हजामिन,हुपऊ, पदुबया और शाह सुलेमानी केन ाम से जाना जाता है।

**31-भीखूभाई के सामने क्या-क्या समस्याएँ थी?**

उ-पहली नारियल खाने की और पैसा खर्च करने की समस्या थी।

**32-भीखूभाई की सहायता करने के लिए कौन-कौन आया?**

उ-ऊँटवाला,घोड़ेवाला भीखूभाई की मदद के लिए आए।

**33-माली ने भीखूभाई को क्या सलाह दी ?**

उ-माली ने कहा पेड़ पर चढ़ जाओ और जितना चाहो नारियल खाओ।

**34-भीखूभाई का सिर क्यों चकरा गया?**

उ-पैसों के लालच में भीखूभाई का सिर चकरा गया।

**35-ऊँट पर सवार व्यक्ति ने भीखूभाई की मदद कैसे की? क्या वह अपने प्रयासों में सफल हो पाया?**

उ-वह ऊँट की पीठ पर खड़ा हो गया और भीखू को पकड़ने लगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------
-